# शाही स्नान कर एकांतवास में गए भगवान जगन्नाथ, हुई पूजा-अर्चना

- तीनों विग्रह 15 दिनों के बाद ही श्रद्धालुओं के देंगे दर्शन
- 16 जुलाई को ऐतिहासिक रथयात्रा निकाली जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**



## दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बड़कागढ़ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के अंतिम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नेत्रोत्सव, श्रृंगार और आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

**रांची।** शहर के बड़कागढ़ धुर्वा में सोमवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का पारंपरिक शाही स्नान श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा और हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया।

बड़कागढ़ मंदिर में मुख्य पुजारी रामेश्वर पाढ़ी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा और मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया। सेवक सुधांशु नाथ शाहदेव सहित अन्य सेवक भी अनुष्ठान में शामिल रहे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल, नगाड़े और भेरी की गूंज के बीच तीनों विग्रहों का शाही स्नान कराया गया।

जगन्नाथपुर न्यास समिति की ओर से सैकड़ों प्रकार की जड़ी-बूटियों से तैयार पवित्र जल से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का अभिषेक किया गया। इसके अलावा 2000 श्रद्धालुओं के बीच जल का वितरण किए गए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शाही स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं और 15 दिनों के अनासर (अज्ञातवास) काल में रहेंगे। इस दौरान मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। अनासर अवधि समाप्त होने के बाद 15 जुलाई को नेत्रदान होगा। 16 जुलाई को ऐतिहासिक रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देंगे।

## दृष्टिपात

### खनन संविदाओं पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम, पारदर्शी कार्यप्रणाली पर जोर



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मानव संसाधन विकास (एचआरडी) विभाग द्वारा सतर्कता विभाग के तत्वावधान में सोमवार को प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र (एमटीसी) में "खनन संविदाएं (माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट्स)" विषय पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को खनन संविदाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) अनुप हंजूरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, महाप्रबंधक (एचआरडी) एम.एफ. हक तथा महाप्रबंधक (सीएमसी) राजीव हुई उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि खनन संविदाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारियों में जागरूकता बढ़ाना, संविदा प्रबंधन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना, हिंड्रेंस रजिस्टर का समुचित संधारण सुनिश्चित करना तथा नियमों एवं प्रक्रियाओं की समुचित जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन से कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर समन्वय सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं विभागों से 44 अधिकारियों ने भाग लिया।

### डॉ लालचंद बगड़िया संस्थान समाज सेवा के लिए सम्मानित



**रांची।** समाज सेवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार की रांची शाखा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था को प्रतीक चिह्न प्रदान कर उसके सेवा कार्यों की सराहना की गई। सम्मान समारोह में पतंजलि योगपीठ के रांची शाखा के गुरु वीरेंद्र, प्रकाश, संजीव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान गुरु वीरेंद्र ने कहा कि डॉ लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान वर्षों से निःस्वार्थ भाव से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्थान समय-समय पर निशुल्क एक दिवसीय एक्युप्रेशर शिविर आयोजित कर आम लोगों को स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध करा रहा है। संस्थान द्वारा नियमित रूप से फूल बाबा आश्रम में प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक तथा थड़पखना स्थित डी.बी. पैलेस में प्रतिदिन सायं 3:30 बजे से 4:30 बजे तक निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। इस सेवा का लाभ बड़ी संख्या में मरीज नियमित रूप से उठा रहे हैं। पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारियों ने संस्थान की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनहित में किए जा रहे ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## आज कल




# रांची से लापता तीन बच्चे बिहार से सकुशल बरामद

## पुलिस की तत्परता से परिजनों ने ली राहत की सांस

- तीनों बच्चों को बिहार के बरौनी से मुजफ्फरपुर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस से सकुशल बरामद किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू से लापता हुए तीन बच्चों को रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की आठ विशेष टीमों ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर बच्चों का पता लगाकर उन्हें बरौनी से मुजफ्फरपुर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस से सुरक्षित बरामद किया।

जानकारी के अनुसार, अरगोड़ा थाना को 28 जून की रात करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि कडरू निवासी तीन बच्चे 12 वर्षीय बेलाल अकम, 10 वर्षीय मान अंसारी और 10 वर्षीय सूरज महतो खेलने के दौरान लापता हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा थाना कांड संख्या 157/2026 दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई।

अनुसंधान के दौरान सीसीटीवी फुटेज में तीनों बच्चे शाम करीब 5 बजे अपनी इच्छा से कहीं जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद जिलेभर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा बच्चों की गतिविधियों का तकनीकी विश्लेषण करने के लिए आठ विशेष टीमों का गठन किया गया।

लगातार प्रयास के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों को बिहार के बरौनी से मुजफ्फरपुर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे अपनी इच्छा से घूमने के लिए घर से निकले थे।

रांची पुलिस ने इस अवसर पर अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों और आवाजाही पर नियमित रूप से नजर रखें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### मेकॉन लिमिटेड को मिला मिनी रत्न श्रेणी-1 का दर्जा

**रांची।** इस्पात मंत्रालय के अधीन कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मेकॉन लिमिटेड को भारत सरकार ने प्रतिष्ठित मिनीरत्न श्रेणी-1 का दर्जा प्रदान किया है। कंपनी ने निर्धारित वित्तीय एवं प्रदर्शन संबंधी मानदंडों को पूरा करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मेकॉन की ओर से सीमतिंनी साहु ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी। मेकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे मेकॉन परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण तथा हितधारकों के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उनके अनुसार, यह उपलब्धि कंपनी को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने तथा देश के औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास में अधिक प्रभावी योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि मिनीरत्न श्रेणी-1 का दर्जा मिलने से मेकॉन को संचालन और वित्तीय मामलों में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। इससे कंपनी बड़े व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने, रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करने और त्वरित निर्णय लेने में अधिक सक्षम होगी।

### गायत्री शक्तिपीठ में निशुल्क नेत्र जांच शिविर

## जांच में मोतियाबिंद के छह मरीज मिले, होगा ऑपरेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार रांची एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम के संयुक्त सहयोग से गायत्री शक्तिपीठ, सेक्टर-2 धुर्वा परिसर में निशुल्क नेत्र जांच, उपचार एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ जीवक अस्पताल, ललगुटवा एवं निरामया अस्पताल, कोकर के चिकित्सक डॉ राहुल भन्ते की टीम द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान 30 से अधिक लोगों ने नेत्र संबंधी विभिन्न समस्याओं की जांच कराई। जांच में 6 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। मोतियाबिंद से पीड़ित सभी छह मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन रांची स्थित डॉ. जीवक अस्पताल में कराया जाएगा। मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने और ऑपरेशन के बाद वापस लाने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविर आयोजकों ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों, विशेषकर आर्थिक कठिनाइयों के कारण आंखों का इलाज नहीं करा पाने वाले मरीजों तक इस सेवा की जानकारी पहुंचाएं। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को आगामी जुलाई माह के अंतिम रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, सेक्टर-2 धुर्वा में आयोजित होने वाले नेत्र जांच शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर शक्तिपीठ व्यवस्था टीम द्वारा चिकित्सक दल का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। डॉक्टरों को गायत्री युग साहित्य पुस्तक भेंट कर स्वस्तिवाचन मंत्र के साथ सम्मानित किया गया।

### मृदा परीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, छात्रों को मिले प्रमाण-पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के मृदा विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का विषय 'मृदा परीक्षण की विधियां एवं उर्वरक अनुशंसा हेतु मृदा परीक्षण परिणामों की व्याख्या' था। 10 जून से 29 जून तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मृदा नमूना संग्रहण, मृदा परीक्षण की विभिन्न विधियों, परीक्षण परिणामों की वैज्ञानिक व्याख्या तथा सतत फसल उत्पादन के लिए संतुलित उर्वरक अनुशंसा की व्यवहारिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीके अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षणार्थी छात्र-प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और कृषि तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। समारोह में कृषि संकाय के डीन डॉ. डीके शाही एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. पीके सिंह ने सतत कृषि विकास के लिए वैज्ञानिक मृदा परीक्षण एवं संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मृदा जांच के आधार पर उर्वरकों का सही उपयोग करने से मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ फसल उत्पादन में भी वृद्धि की जा सकती है। कृषि संकाय के डीन ने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान एवं कौशल का उपयोग किसानों के हित में करने का आह्वान किया, ताकि मृदा स्वास्थ्य सुधार, फसल उत्पादकता वृद्धि और उर्वरकों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिल सके। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# नोज रिंग विवाद पर उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में हंगामा, एबीवीपी का प्रदर्शन

## स्कूल ने नियमों के पालन की बात कही

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची स्थित उर्सुलाइन इंटरमीडिएट कॉलेज में एक छात्रा को नोज रिंग पहनने के कारण विद्यालय से निष्कासित किए जाने के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। छात्रा के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया, प्राचार्या का पुतला दहन किया और छात्रा का निष्कासन वापस लेने की मांग की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने पूरे मामले को ड्रेस कोड और अनुशासन से जुड़ा बताते हुए अपने निर्णय को नियमों के अनुरूप बताया। छात्रा जूही सिंह ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन ने उसे नोज रिंग हटाने का निर्देश दिया। उसने प्रबंधन को बताया कि चिकित्सकीय कारणों से वह तत्काल नोज रिंग नहीं निकाल सकती, लेकिन उसकी बात पर विचार किए बिना उसे विद्यालय से बाहर कर दिया गया। छात्रा का यह भी आरोप है कि अन्य छात्राएं भी नोज रिंग पहनकर आती हैं, लेकिन कार्रवाई केवल उसी के खिलाफ की गई। उसने बातचीत के दौरान संप्रदाय और क्षेत्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने का भी आरोप लगाया। छात्रा के अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रशासन के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेटी का चिकित्सकीय उपचार चल रहा था और उन्होंने कुछ दिनों का समय मांगा था, लेकिन प्राचार्या ने इसे स्वीकार नहीं किया। उनका यह भी कहना है कि विद्यालय की नियमावली में नोज रिंग पहनने पर स्पष्ट प्रतिबंध का उल्लेख नहीं है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद एबीवीपी कार्यकर्ता विद्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। संगठन ने आरोप लगाया कि छात्रा के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया तथा उसके सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। एबीवीपी ने छात्रा का निष्कासन वापस लेने, निष्पक्ष जांच कराने और भविष्य में किसी भी छात्र के साथ संप्रदाय, क्षेत्र या व्यक्तिगत पहचान के आधार पर भेदभाव नहीं करने की मांग की।

वहीं उर्सुलाइन इंटरमीडिएट कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर मैरी ग्रेस ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विद्यालय के प्रोस्पेक्टस में स्पष्ट रूप से ड्रेस कोड का उल्लेख है और छात्राओं को नोज रिंग या अन्य प्रतिबंधित आभूषण पहनकर आने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रा और उसके परिजनों का व्यवहार भी उचित नहीं था। प्राचार्या के अनुसार, एबीवीपी कार्यकर्ताओं के विद्यालय परिसर पहुंचकर हंगामा करने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। लोअर बाजार थाना पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। पुलिस के अनुसार आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर लिया गया तथा अभिभावकों ने छात्रा का नाम विद्यालय से वापस लेने का निर्णय लिया।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में विदाई समारोह



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में नवदशम वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह 26 से 28 जून तक पूरे धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें अनुष्ठान कराने आए आचार्यों में श्रीवत्स भट्टर, श्रीमालू भट्टर, रंगराज भट्टर , श्रीनिवास और विजय राघवन । वेदपाठी : राजू वैद्य, बालाजीस्वामी ,जगन्नाथन और षट्कोपण स्वामी की मंडली थी। नादस्वर वादन मे : बरनी , पुरवरसन, आनंद बाबू, शिव , मणिकन्नन और संतोष। पालकी वाहक : श्री बाबू , कार्तिक, विजय कुमार, राजा गणेश, मनी कन्नन, दास ,विजय कुमार,अन्नामलई और शंकर की टोली और प्रसाद तैयार करने वाले रसोईया में अनुराधा,सुदर्शन,श्रीनिवासन, कन्नन और अन्नादुरई थे। इन्हें श्रद्धा और आदर सहित अंग वस्त्र प्रदान कर विदाई किया गया। जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने सबों को आशीर्वाद प्रदान किया और प्रशंसा किया। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया नें अंगवस्त्र और संभावना सम्मान भेंट किया। विदाई लेने से पहले प्रधान आचार्य श्रीवत्स भट्टर और उनके साथी आचार्यों ने वेद मंत्रों द्वारा श्रीभगवान् की अनुशंसा, प्रशंसा, स्तुति आदि करके यजमान को स्वस्तिवाचन पूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया । जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज 1 जुलाई बुधवार को श्रीधाम वृंदावन के लिये प्रस्थान करेंगे। तब तक रांची वासी शिष्यों और अनुयायियों को उपदेश-आशीर्वाद मिलता रहेगा।

**कार्यक्रम** | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

# शिवाजी महाराज का जीवन राष्ट्रभक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण

- शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान
- 400 से अधिक स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में हुए शामिल, राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर की ओर से सोमवार को अरगोड़ा मैदान में हिंदू साम्राज्य दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और हिंदवी स्वराज की स्थापना के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग बौद्धिक प्रमुख आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, संगठन, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने बताया कि माता जीजाबाई और दादाजी कोंडदेव के संस्कारों से शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व में धर्मनिष्ठा, स्वाभिमान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित हुई। उन्होंने कहा कि 16 वर्ष की आयु में तोरणा दुर्ग विजय के साथ शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज के अभियान की शुरुआत की। अपनी अद्भुत सैन्य रणनीति और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने अनेक शक्तिशाली शासकीय शक्तियों को चुनौती दी। प्रतापगढ़ युद्ध, पावन खिंड का बलिदान, सूरत अभियान, पुरंदर युद्ध और सिंहगढ़ विजय जैसे ऐतिहासिक प्रसंग उनकी वीरता और कुशल रणनीति के प्रतीक हैं।

श्री द्विवेदी ने कहा कि शिवाजी महाराज ने गुरिल्ला युद्ध पद्धति को प्रभावी रूप से विकसित किया और सुदृढ़ प्रशासन, नौसेना निर्माण तथा जनहितकारी शासन व्यवस्था की स्थापना की। 6 जून 1674 को रायगढ़ में हुए राज्याभिषेक के साथ हिंदवी स्वराज की स्थापना हुई, जिसे हिंदू साम्राज्य दिवस के रूप में स्मरण किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए समाज संगठन, सेवा कार्य और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में क्षेत्र संघचालक, महानगर संघचालक, विभिन्न नगरों के संघचालक, प्रांत प्रचारक श्री गोपाल जी सहित संघ के अनेक अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने राष्ट्र की एकता, सामाजिक समरसता और सशक्त, संगठित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### लेबर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास, मजदूरों को मिलेगी बेहतर सुविधा



**रांची।** शहर में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में रांची नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड संख्या 12 स्थित दुर्गा सोरेन चौक के समीप लेबर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। योजना का विधिवत शुभारंभ सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं रांची की महापौर रोशनी खलखो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लेबर शेड के निर्माण से दिहाड़ी मजदूरों को बैठने, विश्राम करने तथा मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में उपमहापौर नीरज कुमार, वार्ड संख्या 12 के पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, धीरज महतो, अशोक गोप, अविचल सिंह, जुगनू, पिंकी सिंह, धनंजय वर्मा, सतीश सिन्हा, छात्रधारी महतो, गोपाल लोहिया, नवीन सोनी, रंजीत बड़ाइक, मजदूर संघ के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### मानवाधिकार और समावेशी विकास पर राष्ट्रीय मंथन

# 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना से ही बनेगा समृद्ध भारत : न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईस्टर्न इंडिया डेवलपमेंट फोरम के तत्वावधान में सोमवार को रांची के ओयना गांव स्थित डायमंड सिटी सभागार में मानव अधिकार और समावेशी विकास विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों ने मानवाधिकारों की वर्तमान स्थिति, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार- विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी, आयकर आयुक्त निशा उरांव, ईस्टर्न इंडिया डेवलपमेंट फोरम के अध्यक्ष संजीव कुमार, दिया सेवा संगठन की सचिव डॉ. सीता कुमारी, समाजसेवी मनोज जैना तथा कार्यक्रम संयोजक अर्णव झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सम्मानपूर्वक और खुशहाल जीवन जीना उसका मौलिक अधिकार है। भारत की प्राचीन संस्कृति सदैव मानव कल्याण और समावेश की पक्षधर रही है। उन्होंने "वसुधैव कुटुंबकम्" तथा "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज तभी विकसित होगा जब विकास की मुख्यधारा में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार केवल कानूनी विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही वास्तविक लोकतंत्र की पहचान है।



## सामाजिक न्याय के बिना अधूरा है विकास : निशा उरांव

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आयकर आयुक्त निशा उरांव ने कहा कि मानव विकास सूचकांक केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक विकास वही है जिसमें सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं मूलवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विरासत हमारी अमूल्य धरोहर है। आज विघटनकारी शक्तियां इन सांस्कृतिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, इसलिए इनके संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी हम सभी की है।

## पूर्वी भारत के समग्र विकास के लिए कार्यरत है संस्था

ईस्टर्न इंडिया डेवलपमेंट फोरम के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य पूर्वी भारत में उद्योग, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और आर्थिक विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ही समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

सेमिनार के दौरान समाज, खेल, पत्रकारिता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में राष्ट्रीय खिलाड़ी अनीता कुमारी, आयकर आयुक्त निशा उरांव, नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार कविलाश कुमार बैठा, नेवरी के मुखिया साधो उरांव, मनीष वर्मा, एके राय, पीपी सरफराज अली, मंटू महांती तथा श्रीपार्थो सहित कई अन्य विशिष्ट व्यक्तित्व शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन अर्णव सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## अव्यवस्था के खिलाफ एबीवीपी का मांडर कॉलेज में प्रदर्शन

**मांडर।** सोमवार को एबीवीपी रांची ग्रामीण जिला की मांडर इकाई ने कॉलेज में प्रोफेसरों की कमी और शैक्षणिक अव्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। जिला संयोजक दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नई प्रभारी प्राचार्य मंजू मिंज से मुलाकात कर 9 सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में उर्दू, नागपुरी व कॉमर्स में प्रोफेसरों की नियुक्ति, शीतल पेयजल, नए भवन में नियमित कक्षा, परिसर में साफ-सफाई व बिजली, महिला सुरक्षा कर्मी, स्वच्छ शौचालय और सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन जैसी मांगें शामिल थीं। वार्ता के बाद छात्रों ने कॉलेज गेट से आश्रम चौक तक आक्रोश मार्च निकाला और राज्य सरकार, सांसद व विधायक का पुतला दहन किया। "झारखंड सरकार मुर्दाबाद", "शिक्षा नहीं बिकने देंगे" जैसे नारे लगे। विभाग संयोजक उत्कर्ष नंद तिवारी ने कहा कि दो साल से पीजी नामांकन बंद है, सत्र दो साल लेट है। प्रोफेसरों और कर्मचारियों की कमी से छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। नगर सह मंत्री रवीना उरांव ने छात्राओं की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं की मांग उठाई। प्रदेश शोध सह कार्य प्रमुख आदर्श प्रसाद ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन में राहुल ठाकुर, रोहित साहू, सुभाष महतो, अंजली कुमारी समेत उर्दू, नागपुरी व कॉमर्स के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल थे।

## नए आयकर कानून पर दी जानकारी स्वैच्छिक अनुपालन पर जोर




**रांची।** आयकर विभाग, बिहार एवं झारखंड क्षेत्र ने रविवार को रांची के दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल ऑडिटोरियम में टीडीएस मेगा आउटरीच कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए आयकर अधिनियम-2025 के आलोक में स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से संबंधित नवीन प्रावधानों की जानकारी देना, स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढ़ावा देना तथा करदाताओं की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार एवं झारखंड के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. डी. सुधाकर राव ने किया। उन्होंने कहा कि टीडीएस समय पर राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने और कर चोरी पर अंकुश लगाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कर कटौतीकर्ताओं से टीडीएस प्रशासन में सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने तथा विभाग के डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग कर आसान और पारदर्शी अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में राज्यभर से ड्राइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर (डीडीओ), विभिन्न सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, कॉरपोरेट कंपनियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर विशेषज्ञों एवं अन्य प्रमुख टीडीएस कटौतीकर्ताओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), टाटा समूह सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न उपक्रमों और झारखंड सरकार के कई विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में आयकर विभाग के अधिकारियों ने टीडीएस से जुड़े हालिया संशोधनों, सही तरीके से टीडीएस की कटौती एवं जमा, टीडीएस रिटर्न दाखिल करने और उसमें संशोधन की प्रक्रिया, टीडीएस प्रमाणपत्र जारी करने, सामान्य त्रुटियों से बचने के उपाय, ई-फाइलिंग सुविधाओं के उपयोग तथा 'कर साथी' प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी। साथ ही डिजिटल माध्यम से करदाताओं की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया भी समझाई गई।

## श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम एवं श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में संत कबीर दास जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ मनाई गई। पूरे दिन मंदिर परिसर आध्यात्मिक वातावरण,भक्ति संगीत एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से 272 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर में विराजमान श्री राधा रानी का नवीन दिव्य वस्त्रों एवं आकर्षक आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। मनोहारी स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लड्डू, फल, खिचड़ी, मेवा सहित विविध प्रकार के महाप्रसाद का विधिवत भोग भगवान को अर्पित किया। भोग के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, शर्बत एवं आलू चिप्स का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया, जबकि दिनभर में चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान आयोजित भजन-संध्या ने पूरे वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर- ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, संजय सर्राफ, सुरेश चौधरी, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, सुरेश भगत, ज्ञान चंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मांडर में सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**मांडर।** 65वी प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026/27की शुरुआत सोमवार को मुडमा मैदान मे हुई। जिसका शुभारम्भ अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी ने संयुक्त रुप से किया, बालक वर्ग अंडर -12 का फाइनल मैच अपग्रेडेड हाई स्कूल सकरपदा एवं संत अलोईस मध्य विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें अपग्रेड हाई स्कूल विजयी रहा, बालिका वर्ग अंडर -12 का फाइनल संत तेरेसा बालिका मध्य विद्यालय बनाम राजकीय मध्य विद्यालय मुडमा के बीच खेला गया जिसमे संत तेरेसा बालिका विजयी रहा, वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 का फाइनल संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर एवं अपग्रेड हाई स्कूल महुवाजाड़ी के बीच खेला गया जिसमें संत अन्ना विजयी रहा।

## पिठोरिया में शांति और सौहार्द के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस



**पिठोरिया।** सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटी पिठोरिया की और से रविवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। इसमें पिठोरिया, पिरुटोला, नयाटोली, भागलपुर, पिठोरिया अंसार मुहल्ला, कोनकी,बाढ़ू, बालू, मदनपुर कोकदोरो सहित क्षेत्र के दर्जनों अखाड़े शामिल हुए। पिठोरिया चौक मे सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों के द्वारा सभी अखाड़ा और अतिथियो का स्वागत पगड़ी पहना कर किया गया, जुलूस में शामिल खिलाड़ियों ने पिठोरिया चौक पर अपने खेल का प्रदर्शन किया। गाजा बाजा, ढोल और ताशे के साथ खेल में अखाड़े शामिल हुए। इसके बाद जुलूस का मुख्य अखाड़े में स्वागत किया गया। सभी अखाड़ों के खिलाड़ियों ने तलवार, लाठी आदि से अपने खेल की नुमाइश की। इसके पहले कमिटी की ओर से सभी अतिथियों एवं विभिन्न अखाड़ों के खलीफाओं तथा मोजावर का स्वागत पगड़ी भेंट कर किया गया। इस मौके पर कमिटी की ओर से विधायक सुरेश कुमार बैठा, कांके अंचलाधिकारी अमित भगत, समाजसेवी शकील अंसारी, पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी, उप प्रमुख अंजय बैठा, थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे, कांग्रेस नेता ऐनुल हक अंसारी,मोहम्मद वैश आलम, जमील अख्तर, जुल्फेखार खान, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल केशरी, सरवन गोप, मधु साहू, उप मुखिया मोहम्मद गुफरान, मतिउर रहमान, इरफान अंसारी आदि गणमान्य लोगों का स्वागत पगड़ी पहना कर तथा मोमेंटो भेंट कर किया गया। साथ ही सभी अखाड़ों को भी सम्मानित किया गया।

## हिंगवाही घाटी लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**पिपरवार।** पिपरवार -कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी थाना क्षेत्र के हिंगवाही घाटी में मई माह में हुई लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, पिपरवार थाना कांड संख्या-21/26 के तहत दर्ज मामले में वादी कुन्दन कुमार, पिता चरकु राम, निवासी ग्राम सलगा, थाना केरेडारी, जिला हजारीबाग ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने साथियों के साथ 19 मई को हफुआ-बाराडीह में आयोजित मंडा मेला देखकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बाराडीह और हिंगवाही घाटी के बीच सड़क किनारे जंगल में घात लगाए बैठे अज्ञात अपराधियों ने उन्हें रोककर मारपीट की तथा मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चतरा अनिमेष नैथानी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रुपेश गंझु (19 वर्ष), पिता संतोष गंझु तथा नेपाल भुईयाँ (19 वर्ष), पिता दशरथ भुईयाँ, दोनों निवासी ग्राम मरंगलोईया, थाना टंडवा, जिला चतरा के रूप में हुई है।

## मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए-2 की होगी पहली बैठक आज

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा कांग्रेस प्रभारी मदन कुमार महतो और सह प्रभारी जाका उल्ला ने सोमवार को सिल्ली प्रखंड का दौरा कर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और बीएलए-2 से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि 30 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक झारखंड के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए-2 की पहली बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से बनाए गए सभी बीएलए-2 को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर बीएलओ को सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए बीएलए-2 की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**खेलकूद** 65वीं सुब्रतो कप कांके प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# अंडर 15 बालक वर्ग में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बना विजेता

- प्राचार्य ने कहा-सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है

नवीन मेल संवाददाता



**कांके/रांची।** 65वीं सुब्रतो कप कांके प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-15 बालक वर्ग में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कांके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में सेंट जोसेफ स्कूल को 3-0 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में विद्यालय की टीम ने अनुशासित खेल, उत्कृष्ट तालमेल और आक्रामक प्रदर्शन का परिचय देते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले के समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केजीबी, कांके की छात्राओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कांके प्रखंड की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती मंजू बिलुँग मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कांके के प्राचार्य आनंद प्रकाश मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय की टीम आगामी जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं कांके प्रखंड का नाम रोशन करेगी। विद्यालय के वरीय शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, संघर्ष और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की अथक मेहनत, विद्यालय प्रशासन के सहयोग तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन को दिया।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कांके की इस ऐतिहासिक जीत से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं पूरे कांके क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

## दृष्टिपात

### 12वें जेबीसीसीआई गठन की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग



**पिपरवार।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को संयुक्त मोर्चा, पिपरवार क्षेत्र की ओर से अशोक पिट ऑफिस और अशोक कर्मशाला में प्रभावी गेट मीटिंग आयोजित की गई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष मंडल ने की। अशोक पिट ऑफिस में सभा का संचालन धनेश्वर गंझू और अशोक कर्मशाला में केके चतुर्वेदी ने किया।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने 1 जुलाई को आयोजित 'मांग दिवस' को सफल बनाने की अपील की। नेताओं ने कहा कि 12वें जेबीसीसीआई (संयुक्त द्विपक्षीय कोयला वेतन समझौता समिति) के गठन को लेकर कोल इंडिया प्रबंधन गंभीर नहीं है, जिसके कारण अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया प्रबंधन का ध्यान मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने पर अधिक केंद्रित है, जबकि कोयला मजदूरों के वेतन पुनरीक्षण और अन्य सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश की ऊर्जा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोयला मजदूरों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने सभी कोयला मजदूरों से अपील की कि वे 1 जुलाई को बड़ी संख्या में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर 12वें जेबीसीसीआई के शीघ्र गठन की मांग को लेकर कोल इंडिया प्रबंधन को मांग पत्र सौंपें। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

### कोलियरी कर्मचारी संघ ने नए वेतन समझौते लागू करने की मांग की, मजदूर एकता का दिया संदेश




**पिपरवार।** राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-12 (जेबीसीसीआई-XII) के शीघ्र गठन और नए वेतन समझौते को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को मगध–संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत मगध परियोजना (कुंडी) कार्यालय के मुख्य द्वार पर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) की ओर से गेट मीटिंग एवं जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कोयला कर्मियों ने भाग लेकर लंबित वेतन समझौते को जल्द लागू करने की मांग उठाई। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जेबीसीसीआई-XII के गठन में हो रही देरी से देशभर के लाखों कोयला कर्मचारियों के आर्थिक और सेवा संबंधी हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कोल प्रबंधन और संबंधित पक्षों से जल्द वार्ता पूरी कर सम्मानजनक वेतन समझौता लागू करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि कोयला कर्मी लंबे समय से नए वेतन समझौते का इंतजार कर रहे हैं और अब इसमें किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार प्रयासरत है।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में एसआइआर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पिपरवार ।** पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर-2026) अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बचरा दक्षिणी पंचायत मुखिया रीना देवी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देना तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। यह अभियान मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए चलाया जा रहा है। मुखिया रीना देवी ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि जिन मतदाताओं ने अब तक सत्यापन नहीं कराया है, वे आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक रंगीन फोटो के साथ निर्धारित शिविर में पहुंचकर अपना सत्यापन अवश्य कराएं। उन्होंने जानकारी दी कि 30 जून को बचरा पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां मतदाता अपने आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान वर्ष 2003 की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, उन्हें भी आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर अपना सत्यापन कराना होगा।

### गोफ में कूदने वाला युवक सुरक्षित लौटा घर, देर रात तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**खलारी।** खलारी के करकट्टा स्थित सीसीएल केडीएच कोयला खदान के बंद हिस्से के गोफ में छलांग लगाने वाला 19 वर्षीय युवक रोहन पासवान उर्फ सोनू कुमार सुरक्षित अपने घर लौट आया। युवक के मौसा एवं भाजपा नेता रवीन्द्र पासवान ने बताया कि सोमवार तड़के करीब तीन बजे सोनू घर के एक कमरे में सोया हुआ मिला। सोनू ने बताया कि जन्मदिन पर परिवार ने मोटरसाइकिल देने का आश्वासन दिया था, लेकिन मांग करने पर मना करते हुए उसे 'जाओ, मर जाओ' कह दिया। इससे आहत होकर वह घर से निकल गया और गुस्से में खदान के गोफ में छलांग लगा दी। वह मिट्टी वाले हिस्से में गिरा, जिससे उसकी जान बच गई। अंधेरा होने पर उसने दूसरी ओर से रास्ता खोजकर बाहर निकलने में सफलता पाई और किसी की नजर में आए बिना घर पहुंच गया। युवक को गोफ में कूदते स्थानीय ग्रामीण विजय कुमार ने देखा था, सीसीएल प्रबंधन, खलारी थाना पुलिस, सीआईएसएफ और प्रशासन मौके पर पहुंच गए। सीआईएसएफ ने ड्रोन की सहायता से खोज अभियान चलाया, जबकि खलारी डीएसपी एवं थाना पुलिस ने एसडीआरएफ को भी सूचना दे दी थी। सोमवार तड़के युवक के सुरक्षित घर पहुंचने की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### बुढ़मू में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, शोक की लहर

बुढ़मू। थाना क्षेत्र के इचापीड़ी गांव निवासी विजय कुमार सिंह की पत्नी नीशू सिंह ने सोमवार सुबह कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

